भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5418

05 अप्रैल, 2023 को उत्तर के लिए

इस्पात का उत्पादन

5418. श्री जगदम्बिका पाल:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का रियल एस्टेट की माँग को पूरा करने के लिए इस वर्ष इस्पात का आयात करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या महामारी के बाद इस्पात उद्योग में सुधार हुआ है; और

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है। सरकार की अलग-अलग कंपनियों द्वारा इस्पात और विशिष्ट प्रकार के इस्पात के आयात जैसे वाणिज्यिक निर्णयों में कोई भूमिका नहीं होती है। रियल एस्टेट क्षेत्र में मुख्यतः उपयोग किए जाने वाले लंबे इस्पात उत्पादों यानि बार्स और रॉड्स एवं स्ट्रक्चरल्स के उत्पादन और खपत का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(मिलियन टन में)

वर्ष		**बार्स और रॉड्स**	**स्ट्रक्चरल्स**
2019-20	उत्पादन	40.33	7.49
	खपत	39.33	7.17
	आयात	0.27	0.04
2020-21	उत्पादन	37.17	6.49
	खपत	39.68	6.56
	आयात	0.14	0.03
2021-22	उत्पादन	47.20	7.48
	खपत	46.00	7.24
	आयात	0.06	0.01
2022-23 (अप्रैल-फरवरी)**	उत्पादन	45.97	7.63
	खपत	45.17	7.32
	आयात	0.11	0.01
स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी); **अनंतिम			

(ख) और (ग): वित्त वर्ष 2021-22 और 2022-23 में तैयार इस्पात के उत्पादन व खपत में नीचे दिए गए आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2019-20 और 2020-21 की महामारी अवधि की तुलना में वृद्धि हुई है:

(मिलियन टन में)

कुल तैयार इस्पात	**2019-20**		**2020-21**		**2021-22**		**2022-23 (अप्रैल-फरवरी)****	
	उत्पादन	**खपत**	**उत्पादन**	**खपत**	**उत्पादन**	**खपत**	**उत्पादन**	**खपत**
	102.6	100.1	96.2	94.9	113.6	105.8	110.4	108.1
स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी); **अनंतिम								

****